Total No. of Pages : 36
पृष्ठों की कुल संख्या : 36

**JAC**

| ECO |
| --- |
| Science/Commerce |

# झारखण्ड अधिविद्य परिषद्

## ANNUAL INTERMEDIATE EXAMINATION – 2024

## ECONOMICS

## ( Optional )

Total Time : 3 Hours 15 minute
कुल समय : 3 घंटे 15 मिनट

Full Marks : 80
पूर्णांक : 80

**General Instructions / सामान्य निर्देश :**

1. This Question Booklet has *two* Parts — **Part-A** and **Part-B**.

   इस प्रश्न-पुस्तिका में दो भाग — **भाग-A** तथा **भाग-B** हैं।

2. **Part-A** is of MCQ Type having **30** marks and **Part-B** is of Subjective Type having **50** marks.

   **भाग-A** में **30** अंक के बहुविकल्पीय प्रश्न तथा **भाग-B** में **50** अंक के विषयनिष्ठ प्रश्न हैं।

3. The candidate has to answer in the Answer Booklet which will be provided separately.

   परीक्षार्थी को अलग से उपलब्ध कराई गई उत्तर-पुस्तिका में उत्तर देना है।

4. **Part-A** — There are **30** Multiple Choice Questions having four (4) options ( A, B, C & D ). The candidate has to write the correct option in the Answer Booklet. *All* questions are compulsory. Each question carries **1** mark. There is no negative marking for wrong answer.

भाग-**A** — इसमें **30** बहुविकल्पीय प्रश्न हैं जिनके 4 विकल्प ( A, B, C तथा D ) हैं। परीक्षार्थी को उत्तर-पुस्तिका में सही उत्तर लिखना है। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है। गलत उत्तर के लिए कोई अंक काटा नहीं जाएगा।

5. **Part-B** — There are *three* sections : **Section-A, B & C.**

This part is of Subjective Type having Very Short Answer, Short Answer & Long Answer Type questions. Total number of questions *is* **22.**

**Section-A** — Question Nos. **31-38** are Very Short Answer Type. Answer any **6** questions. Each question carries **2** marks.

**Section-B** — Question Nos. **39-46** are Short Answer Type. Answer any **6** questions. Each question carries **3** marks. Answer the questions in maximum 150 words each.

**Section-C** — Question Nos. **47-52** are Long Answer Type. Answer any **4** questions. Each question carries **5** marks. Answer the questions in maximum 250 words each.

**भाग-B** — इस भाग में तीन खण्ड — खण्ड–**A, B** तथा **C** हैं। इस भाग में अति लघु उत्तरीय, लघु उत्तरीय तथा दीर्घ उत्तरीय प्रकार के विषयनिष्ठ प्रश्न हैं। कुल प्रश्नों की संख्या **22** है।

**खण्ड-A** — प्रश्न संख्या **31-38** अति लघु उत्तरीय हैं। किन्हीं **6** प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न **2** अंक का है।

**खण्ड-B** — प्रश्न संख्या **39-46** लघु उत्तरीय हैं। किन्हीं **6** प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न **3** अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 150 शब्दों में दें।

**खण्ड-C** — प्रश्न संख्या **47-52** दीर्घ उत्तरीय हैं। किन्हीं **4** प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न **5** अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 250 शब्दों में दें।

6. Candidates are required to answer in their own words as far as practicable.

   परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।

7. ***Candidate has to hand over his/her Answer Booklet to the Invigilator compulsorily before leaving the examination hall.***

*परीक्षार्थी परीक्षा भवन छोड़ने के पहले अपनी उत्तर–पुस्तिका वीक्षक को अनिवार्य रूप से लौटा दें।*

8. Candidates can take away the Question Booklet after completion of the Examination.

परीक्षा समाप्त होने के उपरांत परीक्षार्थी प्रश्न–पुस्तिका अपने साथ लेकर जा सकते हैं।

## Part-A

## भाग-A

### ( Multiple Choice Type Questions )

### ( बहुविकल्पीय प्रश्न )

uestion Nos. **1** to **30** are Multiple Choice Type. Each question has *four* ptions. Select the correct option and write it in the Answer Sheet. Each uestion carries 1 mark. $1 \times 30 = 30$

श्न संख्या **1** से **30** तक बहुविकल्पीय प्रकार हैं। प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प हैं। सही विकल्प नकर उत्तर पुस्तिका में लिखें। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।

. Which of the following is studied under microeconomics ?

(A) General price level (B) Study of unemployment

(C) Supply of money (D) Consumer's equilibrium

निम्नलिखित में से किसका अध्ययन व्यष्टि अर्थशास्त्र के अन्तर्गत होता है ?

(A) सामान्य कीमत स्तर (B) बेरोजगारी का अध्ययन

(C) मुद्रा की पूर्ति (D) उपभोक्ता का संतुलन

2. The rate of change in total utility relative to the quantity of commodity is called

(A) Average utility (B) Total utility

(C) Total profitability (D) Marginal utility

वस्तु की मात्रा के सापेक्ष कुल उपयोगिता में परिवर्तन की दर को क्या कहा जाता है ?

(A) औसत उपयोगिता (B) कुल उपयोगिता

(C) कुल लाभदायकता (D) सीमांत उपयोगिता

3. Which of the following statements related to indifference curve analysis are correct ?

Select the correct option using the following codes :

I. The preference of the consumer is monotonic

II. Generally, an indifference curve is concave to the origin

III. In Indifference Map, the indifference curve located at a distance from the origin measures a relatively high utility level

IV. The slope of indifference curve in the equilibrium state is equal to the ratio of prices

(A) I and II

(B) II and III

(C) I, II and III

(D) I, III and IV

उदासीनता वक्र विश्लेषण से संबंधित निम्नलिखित कथनों में से कौन-से कथन सही हैं ?

निम्न कूटों का प्रयोग करते हुए सही विकल्प का चयन कीजिए :

I. उपभोक्ता का अधिमान एकदिष्ट होता है।

II. सामान्यतः, एक उदासीनता वक्र मूल विन्दु की ओर अवतल होता है।

III. उदासीनता मानचित्र में मूल बिन्दु से दूरी पर अवस्थित उदासीनता वक्र अपेक्षाकृत अधिक उपयोगिता स्तर को मापता है।

IV. संतुलन की अवस्था में उदासीनता वक्र की ढाल कीमतों के अनुपात बराबर होती है।

(A) I तथा II (B) II तथा III

(C) I, II तथा III (D) I, III तथा IV

4. The slope of the demand curve for an inferior good is

(A) Positive (B) Negative

(C) Zero (D) Infinite ( ∞ )

एक घटिया वस्तु के लिए माँग वक्र की ढाल होती है

(A) धनात्मक (B) ऋणात्मक

(C) शून्य (D) अनंत ( ∞ )

5. The demand for which type of commodity decreases due to increase in the income of the consumer ?

(A) Luxury goods (B) Comfortable goods

(C) Life-saving goods (D) Giffen goods

उपभोक्ता की आय बढ़ने से किस प्रकार की वस्तु की माँग कम हो जाती है ?

(A) विलासी वस्तु (B) आरामदायक वस्तु

(C) जीवनरक्षक वस्तु (D) गिफिन वस्तु

6. Which of the following is a combination of competitive items ?

(A) Car and Petrol (B) Pen and Ink

(C) Bread and Butter (D) Blankets and Quilts

निम्नलिखित में से प्रतियोगी वस्तुओं का एक संयोग कौन-सा है ?

(A) कार और पेट्रोल (B) कलम और स्याही

(C) ब्रेड और बटर (D) कंबल और रजाई

7. Which of the following curves has a 'U' shape ?

(A) Average product (B) Marginal cost

(C) Total cost (D) None of these

निम्नलिखित में से किस वक्र का आकार 'U' आकार का होता है ?

(A) औसत उत्पाद (B) सीमांत लागत

(C) कुल लागत (D) इनमें से कोई नहीं

8. By what ratio will the production increase by increasing the factors by 3 times in the production function of the increasing return to scale ?

(A) 2 times (B) More than 3 times

(C) 1 time (D) 3 times

पैमाने के वृद्धिमान प्रतिफल के उत्पादन फलन में साधनों को 3 गुना से वृद्धि करने पर उत्पादन में किस अनुपात से वृद्धि होगी ?

(A) 2 गुना (B) 3 गुना से अधिक

(C) 1 गुना (D) 3 गुना

When marginal cost is higher than average cost, then

(A) Average cost decreases

(B) Marginal cost decreases

(C) Average cost increases

(D) Average cost is minimal

जब सीमांत लागत औसत लागत से अधिक होती है, तब

(A) औसत लागत घटती है

(B) सीमांत लागत घटती है

(C) औसत लागत बढ़ती है

(D) औसत लागत न्यूनतम होती है

10. The quantity of supply of a good increases by 5% when the price i increased by 5%. Then the supply of the good will be

(A) Perfectly inelastic (B) Unit elastic

(C) Inelastic (D) Elastic

किसी वस्तु की कीमत में 5% की वृद्धि करने पर उसकी पूर्ति की मात्रा 5% से ब जाती है। तो वस्तु की पूर्ति ............ होगी।

(A) पूर्णतया बेलोचदार (B) इकाई लोचदार

(C) बेलोचदार (D) लोचदार

11. If the unit tax is levied by the government on the production of the commodity, then the supply of the good

(A) will be reduced

(B) will be zero

(C) will increase infinitely

(D) will remain unchanged

यदि सरकार के द्वारा वस्तु के उत्पादन पर इकाई कर लगाती है, तो उस वस्तु की पूर्ति

(A) कम हो जाएगी

(B) शून्य हो जाएगी

(C) में असीमित वृद्धि होगी

(D) अपरिवर्तित होगी

12. When the supply curve of a firm is a parallel to the price axis, the supply relative to the price is

(A) Elastic (B) Highly elastic

(C) Perfectly elastic (D) Perfectly inelastic

जब एक फर्म का पूर्ति वक्र कीमत अक्ष के समांतर होता है तो पूर्ति कीमत के सापेक्ष ............ होती है।

(A) लोचदार (B) अति–लचीला

(C) पूर्णतया लोचदार (D) पूर्णतया बेलोचदार

13. Under *ceteris paribus* condition, what will be the effect of price hike of factors on the equilibrium price ?

(A) The equilibrium price will increase

(B) The equilibrium price will deccase

(C) The equilibrium price will be zero

(D) The equilibrium price will remain unchanged

अन्य बातें समान रहने पर साधनों की कीमतों के बढ़ने से संतुलन कीमत पर क्या प्रभाव होगा ?

(A) संतुलन कीमत बढ़ेगी

(B) संतुलन कीमत घटेगी

(C) संतुलन कीमत शून्य होगी

(D) संतुलन कीमत अपरिवर्तित रहेगी

4. In the case of free entry and exit of firms in the market, the market price is equal to

(A) Minimum marginal cost

(B) Minimum average cost

(C) Price determined by demand and supply

(D) Marginal income

बाजार में फर्मों के निर्बाध प्रवेश और बहिर्गमन की स्थिति में बाजार कीमत किसके

होती है ?

(A) न्यूनतम सीमांत लागत

(B) न्यूनतम औसत लागत

(C) माँग और पूर्ति द्वारा निर्धारित कीमत

(D) सीमांत आगम

15. Who among the following is a macroeconomic agent ?

(A) A consumer (B) A producer

(C) A shopkeeper (D) Bank

निम्नलिखित में से कौन एक समष्टिगत आर्थिक एजेंट है ?

(A) एक उपभोक्ता (B) एक उत्पादक

(C) एक दुकानदार (D) बैंक

16. Which of the following books is authored by J. M. Keynes ?

(A) Wealth of Nations

(B) Economics

(C) Principles of Economics

(D) The General Theory of Employment, Interest and Money

निम्नलिखित में से किस पुस्तक के लेखक जे. एम. केन्स हैं ?

(A) वेल्थ ऑफ नैशन

(B) ईकॉनोमिक्स

(C) प्रिन्सपल्स ऑफ ईकॉनोमिक्स

(D) द जनरल थ्योरी ऑफ इम्प्लॉइमेन्ट इंटरेस्ट एण्ड मनी

7. Which of the following variables is related to a certain point of time ?

(A) Commodity

(B) Flow

(C) Stocks

(D) None of these

निम्नलिखित में से किस चर का संबंध समय के एक निश्चित बिन्दु से होना है ?

(A) वस्तु (B) प्रवाह

(C) स्टॉक (D) इनमें से कोई नहीं

18. Which method of calculating GDP includes the monetary valu final goods ?

(A) Product Method

(B) Income Method

(C) Expenditure Method

(D) All of these

जीडीपी की गणना की किस विधि में अंतिम वस्तुओं के मौद्रिक मूल्य को शामिल जाता है ?

(A) उत्पाद विधि (B) आय विधि

(C) व्यय विधि (D) इनमें से सभी

10. Which of the following is a defect of barter system ?

(A) Lack of value accumulation

(B) Lack of double coincidence of wants

(C) Problem of value measurement

(D) All of these

वस्तु विनिमय प्रणाली का एक दोष निम्न में से कौन-सा है ?

(A) मूल्य संचय का अभाव

(B) आवश्यकता के दोहरे संयोग का अभाव

(C) मूल्य मापन की समस्या

(D) इनमें से सभी

20. Which one of the following is not a function of a commercial bank

(A) Issue of credit

(B) Accepting deposits in savings bank account

(C) Bank of government

(D) Opening of fixed deposit account

व्यावसायिक बैंक का एक कार्य निम्नलिखित में से कौन-सा नहीं है ?

(A) ऋण निर्गमन

(B) बचत बैंक खाता में जमा स्वीकार करना

(C) सरकार का बैंक

(D) सावधि जमा खाता खोलना

21. If the central bank increases the statutory liquidity ratio, then lending capacity of commercial banks

(A) Increases (B) Decreases

(C) Remains unchanged (D) May increase or decrease

यदि केन्द्रीय बैंक वैधानिक तरलता अनुपात को बढ़ा दे तो व्यावसायिक बैंकों को ऋण देने की क्षमता में

(A) वृद्धि होती है (B) कमी होती है

(C) कोई परिवर्तन नहीं होता (D) वृद्धि या कमी हो सकती है

22. Which demand for money decreases due to increase in interest rate ?

(A) Daily transaction demand

(B) Emergency demand for money

(C) Cross demand

(D) Speculative demand

ब्याज दर में वृद्धि होने से मुद्रा की किस माँग में कमी होती है ?

(A) दैनिक लेनदेन माँग (B) मुद्रा की आपातकालीन माँग

(C) आड़ी माँग (D) सट्टेबाजी माँग

23. The marginal propensity to consume measures the slope of whic function ?

(A) Production function

(B) Investment function

(C) Utility function

(D) Consumption function

उपभोग की सीमांत प्रवृत्ति किस फलन की ढाल को मापती है ?

(A) उत्पादन फलन (B) निवेश फलन

(C) उपयोगिता फलन (D) उपभोग फलन

If the value of the multiplier in an economy is 4, then what will be the value of the marginal propensity to save ?

(A) 0·25 (B) 0·75

(C) 2·5 (D) 4

यदि किसी अर्थव्यवस्था में गुणक का मान 4 है तो बचत की सीमांत प्रवृत्ति का मान क्या होगा ?

(A) 0·25 (B) 0·75

(C) 2·5 (D) 4

25. How does an increase in the marginal propensity to consume affect aggregate demand ?

(A) There is no change in the aggregate demand curve

(B) The slope of the aggregate demand curve will increase

(C) The aggregate demand curve will shift to the right

(D) The aggregate demand curve will shift to the left

उपभोग की सीमांत प्रवृत्ति में वृद्धि समग्र माँग को किस प्रकार प्रभावित करती है ?

(A) समग्र माँग का वक्र में कोई परिवर्तन नहीं होता

(B) समग्र माँग का वक्र कीं ढाल बढ़ेगी

(C) समग्र माँग का वक्र दाहिनी ओर विवर्तित होगी

(D) समग्र माँग का वक्र बायीं ओर विवर्तित होगी

26. Which one of the following is a source of revenue income of the government ?

(A) Disinvestment

(B) External debt

(C) Household debt

(D) Dividend from government investment

सरकार के राजस्व आय का एक स्रोत निम्न में से कौन-सा है ?

(A) विनिवेश

(B) विदेशी कर्ज

(C) घरेलू कर्ज

(D) सरकारी निवेश से लाभांश

27. In which type of budget is the expenditure of the government more than its income ?

(A) Balanced budget (B) Deficit budget

(C) Surplus budget (D) All of these

किस प्रकार के बजट में सरकार का व्यय उसके आगम से अधिक होता है ?

(A) संतुलित बजट (B) घाटे का बजट

(C) अधिशेष बजट (D) इनमें से सभी

28. Which of the following products has been excluded from GST in India ?

(A) Tobacco products (B) Stationery

(C) Jewellery (D) Petroleum products

भारत में निम्नलिखित में से किस उत्पाद को जीएसटी से बाहर रखा गया है ?

(A) तंबाकू उत्पाद (B) लेखन सामग्री

(C) आभूषण (D) पेट्रोलियम उत्पाद

29. What is the impact of a lumpsum tax imposed by the government on the equilibrium income in the economy ?

(A) Equilibrium income will increase

(B) There will be a decrease in equilibrium income

(C) Equilibrium income will remain unchanged

(D) Cannot be said

सरकार के द्वारा इकमुश्त कर लगाने से अर्थव्यवस्था में संतुलन आय पर क्या प्रभाव होता है ?

(A) संतुलन आय में वृद्धि होगी

(B) संतुलन आय में कमी होगी

(C) संतुलन आय अपरिवर्तित रहेगी

(D) कहा नहीं जा सकता

30. One of the reasons for the flow of foreign exchange in India is

(A) Foreign gifts

(B) Foreign Direct Investment

(C) Export of goods and services

(D) All of these

भारत में विदेशी मुद्रा के प्रवाह का एक कारण है

(A) विदेशी उपहार

(B) विदेशी प्रत्यक्ष निवेश

(C) वस्तुओं एवं सेवाओं का निर्यात

(D) इनमें से सभी

# Part-B

# भाग-B

## ( Subjective Type )

## ( विषयनिष्ठ प्रश्न )

## Section – A

## खण्ड – A

### ( Very short answer type questions )

### ( अति लघु उत्तरीय प्रश्न )

Answer any *six* questions. $2 \times 6 = 12$

किन्हीं छः प्रश्नों के उत्तर दें।

31. What do you understand by production probability curve ? Show it with a diagram.

उत्पादन संभावना वक्र से आप क्या समझते हैं ? रेखाचित्र से दर्शाइए।

2. What do you understand by Giffen goods ? Show the demand curve for this commodity diagrammatically.

गिफिन वस्तु से आप क्या समझते हैं ? इस वस्तु के लिए माँग वक्र को रेखाचित्र से दर्शाइये।

3. What do you understand by production function ? Explain with example.

उत्पादन फलन से आप क्या समझते हैं ? उदाहरण द्वारा स्पष्ट कीजिए।

4. If there is an increase of 8% in the price of an article, the supply of that commodity increases by 10%, then calculate the supply elasticity of the commodity. Write a comment on your answer.

यदि किसी वस्तु की कीमत में 8% की वृद्धि होने से उस वस्तु की पूर्ति में 10% की वृद्धि होती है तो वस्तु की पूर्ति लोच की गणना कीजिए। अपने उत्तर पर एक टिप्पणी लिखिए।

35. Write down any four questions which are related to macroeconomics.

किन्हीं चार प्रश्नों को लिखिए जिसका संबंध समष्टि अर्थशास्त्र से होता है।

36. "Money acts as a unit of accounting." What do you mean by this statement ?

''मुद्रा लेखे की इकाई का कार्य करती है।'' इस कथन से क्या तात्पर्य है ?

37. Define the financial market.

वित्तीय बाजार को परिभाषित कीजिए।

38. Define the floating exchange rate.

तैरती विनिमय दर को परिभाषित कीजिए।

## Section – B

## खण्ड – B

### ( Short answer type questions )

### ( लघु उत्तरीय प्रश्न )

Answer any *six* questions. Answer the questions in maximum 150 words each. $3 \times 6 = 18$

किन्हीं छः प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 150 शब्दों में दें।

39. Why is demand line negatively sloped ?

एक माँग की रेखा ऋणात्मक ढाल की क्यों होती है ?

40. What do you understand by average cost ? How is it related to marginal cost ? Explain with the diagram.

औसत लागत से आप क्या समझते हैं ? यह सीमांत लागत से किस प्रकार संबंधित है ? रेखाचित्र से स्पष्ट कीजिए।

41. Explain the effects of the following conditions on the market equilibrium with a diagram :

a) Decrease in demand

b) Increase in supply

c) Decrease in demand and supply at the same rate.

निम्न स्थितियों का बाजार संतुलन पर पड़ने वाले प्रभावों को रेखाचित्र से स्पष्ट कीजिए :

a) माँग में कमी

b) पूर्ति में वृद्धि

c) माँग और पूर्ति में एक समान दर से कमी।

42. What do you understand by national income ? How is national income calculated from GDP ?

राष्ट्रीय आय से आप क्या समझते हैं ? राष्ट्रीय आय को सकल घरेलू उत्पाद से कैसे ज्ञात किया जाता है ?

43. Explain the measure of money supply in India.

भारत में मुद्रा की पूर्ति की माप की व्याख्या कीजिए।

44. Explain any three objectives of the government budget.

सरकारी बजट के किन्हीं तीन उद्देश्यों की व्याख्या कीजिए।

45. If the consumption function in an economy is $C = 25 + 0{\cdot}6\ Y$, then calculate the value of the multiplier.

यदि किसी अर्थव्यवस्था में उपभोग फलन $C = 25 + 0{\cdot}6\ Y$ है, तो गुणक के मान की गणना कीजिए।

46. Explain the paradox of thrift.

मितव्ययिता के विरोधाभास की व्याख्या कीजिए।

JAC

## Section – C

## खण्ड – C

### ( Long answer type questions )

### ( दीर्घ उत्तरीय प्रश्न )

Answer any *four* questions. Answer the questions in maximum 250 words each. $5 \times 4 = 20$

किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 250 शब्दों में दें।

47. Explain the factors affecting the price elasticity of demand.

माँग की कीमत लोच को प्रभावित करने वाले कारकों की व्याख्या कीजिए।

48. The production function of a firm is $Q = L^{\alpha} K^{\beta}$. Explain that the returns to scale in this production function is measured by $\alpha + \beta$.

एक फर्म का उत्पादन फंलन $Q = L^{\alpha} K^{\beta}$ है। स्पष्ट कीजिए कि इस उत्पादन फलन में पैमाने के प्रतिफल की माप $\alpha + \beta$ है।

49. Explain the factors affecting the supply curve of the firm in a fully competitive market.

एक पूर्ण–प्रतियोगी बाज़ार में फर्म के पूर्ति वक्र को प्रभावित करने वाले कारकों की व्याख्या कीजिए।

50. Describe the product method of calculating GDP ( $GDP_{FC}$ ) at instrumental cost.

साधन लागत पर जीडीपी ( $GDP_{FC}$ ) की गणना की उत्पाद विधि का वर्णन कीजिए।

51. Explain the difference between the following :

a) Consumption ex-ante and Consumption ex-post

b) Investment ex-ante and Investment ex-post.

निम्नलिखित में अंतर स्पष्ट कीजिए :

a) प्रत्याशित उपभोग और यथार्थ उपभोग

b) प्रत्याशित निवेश तथा यथार्थ निवेश।

52. What do you understand by National Income ? Describe the expenditure method of calculating National Income.

राष्ट्रीय आय से आप क्या समझते हैं ? राष्ट्रीय आय की गणना की व्यय विधि का वर्णन कीजिए।